## गणतंत्र दिवस पर उपाध्यक्ष की जगह अध्यक्ष ने ध्वजारोहण, नहीं थम रहा विवाद

# दमुआ नगरपालिका में तानाशाही हावी, गणतंत्र दिवस पर संविधान और प्रोटोकाल दोनों का किया अपमान



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

पूरे देश में जहां 76वां गणतंत्र दिवस गर्व और सम्मान के साथ मनाया गया, वहीं मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की नगर पालिका परिषद दमुआ में राष्ट्रीय पर्व को भी सत्ता की भूख से नहीं बख्शा गया। नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर पर गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण प्रोटोकॉल को खुलेआम रौंदने और तानाशाही रवैया अपनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चिल्ड्रन पार्क में नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप को ध्वजारोहण करना था, लेकिन आरोप है कि अध्यक्ष किरण खातरकर ने अपनी सत्ता का दुरुपयोग करते हुए जबरन ध्वजारोहण कर लिया, जिससे न सिर्फ प्रोटोकॉल टूटा बल्कि भाजपा उपाध्यक्ष का सार्वजनिक रूप से अपमान भी हुआ।

### सत्ता के नशे में चूर अध्यक्ष

भाजपा के उपाध्यक्ष व पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष किरण खातरकर का यह कोई पहला मामला नहीं है। वे लगातार भाजपा पार्षदों को अपमानित करती रही हैं, कर्मचारियों पर दबाव बनाकर उनके वार्डों में विकास कार्य रुकवाए जाते हैं। नगर पालिका में यह चर्चा आम हो चली है कि जो अध्यक्ष के साथ नहीं, उसके साथ भेदभाव तय है।

### भाजपा संगठन में उबाल

घटना के बाद भाजपा उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप एवं पार्षदों ने जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं और उच्च अधिकारियों से शिकायत कर हिटलरशाही रवैये पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पार्टी के भीतर भी इस घटना को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### प्रशासन बोला – कार्रवाई होगी!

मामले पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अजय ठाकरे ने साफ कहा कि ध्वजारोहण को लेकर गाइडलाइन बनी थी। यदि राष्ट्रीय पर्व में प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ है, तो उच्च अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

### उपाध्यक्ष का दो टूक संदेश

नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश कश्यप ने तीखे शब्दों में कहा कि गणतंत्र दिवस पर मुझे ध्वजारोहण करना था, लेकिन अध्यक्ष ने जबरन कर लिया। यह मेरे मान-सम्मान पर सीधा हमला है। अगर पार्टी ने इस अन्याय पर चुप्पी साधी, तो मुझे भी आगे कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे।

### लोकायुक्त की आहट

सूत्रों की मानें तो अध्यक्ष किरण खातरकर पर बिना श्रम किए परिवार की फर्जी आईडी बनाकर भुगतान कराने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आ रहे हैं। चर्चा है कि इस मामले में लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई कभी भी दस्तक दे सकती है।

## प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर संभावित कार्यवाही की जा सकती है

विशेषज्ञों के अनुसार प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर प्रशासनिक कार्रवाई की गाज गिर सकती है। राष्ट्रीय पर्व तय ध्वजारोहण प्रोटोकॉल का उल्लंघन सरकारी आदेश की अवहेलना माना जाता है। जिस पर कलेक्टर और संभाग आयुक्त कारण बताओ नोटिस या चेतावनी जारी कर सकते है। मुख्यतः इसमें सीएमओ की रिपोर्ट और शिकायत मुख्य रूप से आधार होती है। जबकि नगर पालिका अधिनियम के तहत अधिकारों का दुरूपयोग, उपाध्यक्ष, पार्षदों का अपमान, जानबूझकर नियमों को तोड़ना राज्य शासन के जांच के अधिकार क्षेत्र का विषय है। अगर विभागीय कार्यवाही की जाए तो अध्यक्ष का अधिकार अस्थायी रूप से सीमित किए जा सकते है। गंभीर स्थिति में अध्यक्ष पद से हटाने तक की प्रक्रिया की जा सकती है। मामला चूंकि भाजपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों से जुड़ा है इसलिए जिलाअध्यक्ष प्रदेश संगठन और अनुशासन समिति में मामला जा सकता है। पार्टी में अनुशासन भंग करना गंभीर अपराध माना जाता है। नगरपालिका दमुआ में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भाजपा के पार्षदों के बीच में ही खींचातानी का खेल निरंतर चल रहा है। जिसके कारण नगर पालिका दमुआ के विकास की गति को अवरोधित किया जा रहा है। भाजपा के संगठनात्मक अधिकारी इस पूरी लॉबी पर समन्वय बनाने में नाकामयाब रही है। नगरपालिका अध्यक्ष पर समय समय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते रहे हैं, परंतु जांच के नाम पर अभी तक कुछ विशेष नहीं किया गया है। अधिकारी भी सत्तासीन भाजपा के पदाधिकारियों से दबाव में रहने के कारण नपाध्यक्ष सीएमओ और कर्मचारियों पर दबाव कायम रखती है और गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण जैसे मुद्दे पर मनमानी और प्रोटोकॉल का उल्लंघन जैसी कार्यशैली ने यह साबित कर दिया है कि नपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच में चल रही यह खींचतान दमुआ के विकास में रोडा बन रही है।

## डोंगर परासिया बना उदाहरण , दमुआ की बारी कब

विनोद मालवी के निष्कासन के बाद क्या भाजपा संगठन दमुआ में भी सख्ती दिखा सकता है। यह सवाल आज कई जुबान पर है। क्योंकि नियम सबके लिए एक है और कार्यवाही भी एक है। डोंगर परासिया में एक्शन हुआ है तो दमुआ में इंतजार क्यों। प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मामला क्या यहीं खत्म हो जाएगा या कार्यवाही बराबरी से होगी या फिर अनुशासन सबके लिए है या चुनिंदा लोगों के लिए। दमुआ से नपाध्यक्ष का उपाध्यक्ष और अन्य पार्षदों से तालमेल नहीं जमने के कारण निरंतर संगठन से शिकायत की जा रही है। डोंगर परासिया की कार्यवाही और निष्कासन के बाद ध्वजारोहण, प्रोटोकॉल का उल्लंघन की शिकायतें दर्ज कराई है, कार्यवाही का इंतजार है। अगर समय रहते नपाध्यक्ष अपनी मानसिकता में सुधार नहीं करती है तो निश्चित रूप से आने वाले समय में यह परिवर्तन दमुआ में भी देखने को मिल सकता है। उपाध्यक्ष की शिकायत पर ठोस कार्यवाही का इंतजार तो है ही साथ ही विगत लंबे समय से व्यक्तिगत लाभ के चलते दमुआ के विकास में रोड़ा बन रहे जनप्रतिनिधियों पर भाजपा और प्रशासन क्या कार्रवाई करते है यह तो समय ही बताएगा। राष्ट्र ध्वज संहिता का उल्लंघन पर प्रशासन को सख्त होने की आवश्यकता है। अगर उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यवाही होना तय है।

## भाजपा संगठन ने की बड़ी कार्यवाही, डोंगर परासिया के नपाध्यक्ष विनोद मालवी छह साल के पार्टी से बाहर

प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर डोंगर परासिया के नपाध्यक्ष विनोद को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर तुरंत प्रभाव से यह निष्कासन किया गया है। संदेश साफ है कि संगठन से ऊपर कोई नहीं। अनुशासनहीनता पर सख्त फैसला का परिणाम है कि विनोद मालवी को निष्कासित किया गया है। भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि कुर्सी नहीं संविधान और संगठन बड़ा है। भाजपा की इस निष्कासन कार्यवाही के बाद राजनीति में भूचाल आना तय है। यह चेतावनी है कि अगर पार्टी में कोई भी पार्टी की छवि खराब करेगा तो वह पार्टी में नहीं रहेगा और इसी का परिणाम है कि नपाध्यक्ष विनोद मालवी को छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। और यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि अगर अनुशासन तोड़ा है तो अंजाम के लिए तेयार रहे। पहले संगठन है बाद में आप। जिला अध्यक्ष की इस कार्यवाही के बाद विपक्ष को मुद्दा मिल सकता है। वहीं विनोद मालवी का अगला कदम क्या होगा यह तो समय ही बताएगा। बहरहाल नगरपालिका की कमान अब किसके हाथों में होगी यह अब देखने लायक है। पिछली परिषद में भी भाजपा की गीता यादव को धारा 40 के अंतर्गत हटाया गया था। नगर परिषद डोंगर परासिया का यह दुर्भाग्य ही है कि जो भी अध्यक्ष पर बैठता है जमकर भ्रष्टाचार को अंजाम देता है। जनता के पैसों की लूट के आरोप लगने के बाद दोनों ही नेताओं ने भाजपा की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है इसलिए संगठन ने यह कदम उठाया है।



## कोयला श्रमिक सभा एचएमएस पेंच क्षेत्र में हुआ नवीन मनोनयन



**छिंदवाड़ा।** कोयला श्रमिक सभा एच एम एस का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन गत दिवस नागपुर में संपन्न हुआ जहां जेबीसीसीआई सदस्य एवं केन्द्रीय अध्यक्ष वेकोलि शिवकुमार यादव द्वारा पेंच क्षेत्र की नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष पद पर राजेश सूर्यवंशी ,महामंत्री के पद पर श्री राहुल पाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर हासिम खान महादेवपुरी भूमिगत खदान की नियुक्ति की गई। पेंच क्षेत्र के समस्त सदस्य कामगारों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## CPR देकर राहगीर की जान बचाने वाले डॉक्टर का गणतंत्र दिवस पर हुए सम्मानित

### डॉक्टर दिनेश ठाकुर बने मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में मानवता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाले चिकित्सक डॉ. दिनेश ठाकुर को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री ने उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य और अदम्य साहस के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

दरअसल, कुछ दिन पूर्व छिंदवाड़ा शहर में सड़क पर चलते समय एक व्यक्ति अचानक गिरकर मरणासन्न अवस्था में पहुंच गया था। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे डॉ. दिनेश ठाकुर ने बिना समय गंवाए तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया और CPR देकर उस व्यक्ति की जान



बचाई। समय पर किए गए इस प्रयास से व्यक्ति की हालत में सुधार हुआ और उसे अस्पताल पहुंचाया जा सका।डॉ. ठाकुर की इस मानवीय तत्परता का वीडियो किसी ने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। प्रदेशभर में लोगों ने उनके साहस, संवेदनशीलता और चिकित्सकीय जिम्मेदारी की सराहना की। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि डॉ. दिनेश ठाकुर जैसे चिकित्सक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा डॉक्टर वही होता है, जो अस्पताल की चारदीवारी तक सीमित न रहकर हर परिस्थिति में मानव जीवन की रक्षा को अपना पहला कर्तव्य मानता है।समारोह में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. ठाकुर के इस साहसिक और मानवीय कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

## रेत चोरी करने वालों के निजी वाहन अधिकारियों की मेहरबानी से है कुआँ बादला टोल मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

देश भर में नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे पर लगने वाले टोल टैक्स पर अनुबंध के अनुसार न्यायाधीश, सांसद विधायक मंत्री एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस,सेना के अलावा वीआईपी,उच्च अधिकारियो की सवारी गाड़ीयो को टोल टैक्स से शत प्रतिशत छूट है। लेकिन छिंदवाड़ा पिपरिया मार्ग पर कुआं बादला टोल टैक्स नाके पर अधिकारियों की मेहरबानी से कुछ ऐसे लोगों के निजी वाहनों को टोल टैक्स में छूट मिल चुकी है जो अवैध काम के अलावा रेत चोरी मैं लिप्त हैं, उनके निजी वाहनों को टोल टैक्स में छूट मिलना आश्चर्यजनक विषय है जबकि ये वाहन मालिक ना तो वीआईपी हैं ना जनप्रतिनिधि हैं ना ही यह किसी ऊंचे ओहदे पर है सिर्फ इनका एक ही काम है कि टोल टैक्स से मिली छूट का उपयोग रेत चोरी के वाहनों को रेत के अलाबा अधिकारियों की रैंकिंग कर



टोल टैक्स बचा रहे हैं। ऐसे नजारे तामिया कुआं बादला टोल टैक्स पर हर रात देखे जा सकते हैं। सवाल यह उठता है कि इन शासन की चोरी करने वालों को आखिर किस विनय पर टोल टैक्स में छूट मिली हुई है। वहीं ईमानदार नागरिक टोल टैक्स दिये बगेर टोल से नहीं निकल पाते है। ऐसे वाहनों को चिन्हित किया जाए जो तामिया एवं उसके आसपास के निवासी हैं और उनके रिकॉर्ड खंगाले जायेगे तो रेत चोरी में लिप्त है या नहीं और इनको टोल में छूट मिलने की पात्रता का मापदंड क्या है और किस अधिकारी ने टोल टैक्स मालिक पर दबाव बनाकर ईनके वाहन को छूट दिलावाई है। इसकी जांच होनी चाहिए जिससे शासन की साख एवं टोल. मालिक का आर्थिक नुकसान ना हो। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके वाहनों को अनैतिक तरीके से मिली टोल टैक्स छूट हो बंद हो? बतलाया तो यह भी जाता है कि कुछ चतुर कर्मचारी तहसील में निर्वाचन कार्य के नाम पर टोल टैक्स छूट का लाभ तहसील कार्यालय से बाहर निकाले जाने के बाद भी उठा रहे हैं। इन पर भी सड़क परिवहन विभाग एवं टोल मलिक को होने वाली मिली छूट के कारण उनके वाहन भी टोल टैक्स के दायरे में लाये जाये? हालांकि टोल टैक्स मालिक का अधिकार है कि वह वाहन को टोल मुक्त रख सकते है। लेकिन उसके भी मापदंड है उनकी मजबूरी समझी जा सकती है कि अधिकारियों का दबाव टोल टैक्स चलाने के चक्कर में सहना पड़ता है। मिली टोल टैक्स की छूट का यही मूल कारण हो सकता है।

## गाय को कार से तस्करी वाले आरोपी को पुलिस ने महाराष्ट्र से धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गत दिवस आधी रात में सडक पर बैठी एक गाय को कार में ठूंस कर एक गाय की चोरी करने वाले को पांढुर्णा पुलिस ने शेख जुबेर को वरूड जिला अमरावती से गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अजय मरकाम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाय को कार में जबरन भरकर ले जानेवाला आरोपी शेख जुबेर पिता शेख कलाम निवासी बगला चौक बडी मस्जिद के पास वरूड जिला अमरावती से गिरफ्तार किया है।



गाय को कार में भरकर ले जानेवाली सफेद रंग की कार और उसके चालक की तलाश में पांढुर्णा पुलिस जोर शोर से लगी हुई है। ज्ञात हो कि 24 जनवरी की रात्रि साढे तीन बजे गुजरीबाजार परिसर में कार में जबरन भरकर सडक पर बैठी कार को ले जाया गया था। इस पर पुलिस ने अपराध 50-2026 धारा 303 (2) बीएनएस गोवंश प्रतिषेध अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। महाराष्ट्र से आरोपी को पकडकर लानेवाले दल में थाना प्रभारी अजय मरकाम, एसआय विक्रम बघेल, एएसआय शिवकरण पांडे, रोहित तिलंते तथा अखिलेश हिंगवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उल्हावाड़ी में आयोजित हुआ कैरियर मेला

**छिंदवाड़ा।** शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उल्हावाड़ी में कैरियर मेला एवं कैरियर काउंसलिंग 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को कैरियर के चयन हेतु प्रेरित किया गया। जिससे वे भविष्य में अपने जीविकोपार्जन का चुनाव कर सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य भूपेश पातुरकर, वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती संतोषी शर्मा, नारायण गौनेकर, देवेंद्र मालवीय, विनायक राव कराडे, जयराम खरे, श्रीमती संगीता कोड़ले, सुधीर गौतम, किशन लाल चौरे,श्री मुकेश आठनकर,श्रीमती पूजा घागरे, रामपाल विश्वकर्मा एवं रामराज्य वर्मा उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में कैलाश यादव ने खेल के क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर अवसरों की जानकारी विद्यार्थियों को बड़े ही सहज और सरल ढंग से दी।

### चंदन नगर का हिंदू सम्मेलन संपन्न, अतिथियों ने दिया ओजस्वी उद्बोधन

## ऐसी ताकतों को परास्त करना होगा जो भारत को अपनी मातृभूमि नहीं मानते: द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को नागपुर रोड, चंदन नगर स्थित महाजन लॉन 2 में भव्य एवं दिव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के पूर्व चंदन नगर के प्रमुख मार्गों से मातृशक्ति द्वारा श्रद्धालु कलश यात्रा निकाली गई जो महाजन लॉन 2 में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम में संघ के पूर्व प्रचारक श्री द्विवेदी जी, बाल ब्रम्हचारी नागेन्द्र जी और श्रीमती बी.राधा नायडू मंचासीन रहे। कार्यक्रम शुरू करने के पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर गौ माता और कन्या पूजन किया। अतिथियों के स्वागत पश्चात



वक्ताओ ने उपस्थित जनसमूह के बीच अपनी बात रखी। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका सबसे सशक्त होती है क्योंकि वो ही बच्चों में मातृभूमि से प्रेम, देश से प्रेम, अपने संस्कारों से प्रेम और अपने धर्म से प्रेम के बीच बोती है। जिन परिवारों में इस तरह बच्चों को संस्कार मिलते है निश्चय ही वो आगे चल कर देश सेवा करते है। आज समाज को पंच परिवर्तन की आवश्यकता है जिसमें सर्वप्रथम हम सभी को स्वदेश प्रेमी होना आवश्यक है। हमें अपने देश की भूमि से, जल से, वायु से, देश में निर्मित उत्पाद से प्रेम करना होगा। हमें अपने जीवन में यह ध्यान रखना होगा कि हमारे देश की भूमि, जल और वायु स्वच्छ रहे। इसके लिए हमें जागरूकता के साथ इसके संरक्षण का भी ध्यान रखना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक और प्रखर राष्ट्रवादी श्री द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ही देश और हिंदू समाज के हितों के लिए जागरूक नागरिकों का निर्माण करना है। संघ की स्थापना से आज तक संघ पर न जाने कितने कष्ट आए, कितनी बाधाएं आई लेकिन उन सभी को पार करते हुए आज संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। संघ के स्वयंसेवकों की निष्ठा और लगन का ही परिणाम है कि हिंदू समाज आज जाग्रत हुआ है। हिंदू समाज में समरसता के भाव को लेकर स्वयंसेवकों ने जो कार्य किया है उसका भी प्रभाव आज समाज में दिखता है। संपूर्ण विश्व आज भारत को शक्ति के रूप में देख रहा है तो यह हिंदू के जागने के कारण संभव हो पाया है कि क्योंकि हिंदू समाज भारत को मातृभूमि मानता है। देश के अंदर निवास करने वाले कोई पंथ या संप्रदाय में ये भाव दिखाई नहीं देता। कुछ लोग देश को और हिंदू समाज को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं ऐसी ताकतों से सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसी ताकतों को सख्ती के साथ खत्म करना आवश्यक नहीं तो वो देश को और हमारी संस्कृतिक को तार-तार कर देंगे।

## यूट्यूब फिटनेस ने 5 विकेट खोकर बनाये 232 रन

# उत्सव बैरागी के चौकों और छक्कों ने दर्शकों में भरा रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




बड़कुही में जारी केरीऑन कप क्रिकेट टूर्नामेंट दिनों दिन रोमांचकारी होता जा रहा है । शुक्रवार को यूट्यूब फिटनेस टीम के बल्लेबाज उत्सव बैरागी के चौकों और छक्कों ने दर्शकों में रोमांच भर दिया । वहीं टीम ने 5 विकेट खोकर 232 का विशाल स्कोर खड़ा किया ।

इसके एवज में विरोधी टीम मिक मुजावर 157 रन ही बना पाई और 75 रन के बड़े मार्जिन से हारी ।कैरीऑन टूर्नामेंट का शुक्रवार को पहला मुकाबला यूट्यूब फिटनेस क्लब छिंदवाड़ा और मिक मुजावर के बीच में खेला गया । जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूट्यूब फिटनेस की टीम ने 5 विकेट खोकर 232 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया । जिसमें टीम के बल्लेबाज उत्सव बैरागी ने 41 गेंदों पर 3 चौके और 10 छक्कों की मदद से 90 रन बनाए । दूसरे बल्लेबाज अजय नाथहानिया ने 35 गेंद में 55 रन बनाए । मिक मुजावर की ओर से सफल गेंदबाज विनोद चंद्रवंशी ने की । जिसने 4 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिक मुजावर 18.3 ओवर में 157 रन ही बना पाई । जिसमें डॉक्टर दुर्गेश भारत ने 80 रनों की पारी खेली । उसके अलावा कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया ।

यूट्यूब के बॉलर विक्रम सिंह ठाकुर ने 4 ओवर में 14 रनदेकर 2 विकेट लिए एवं परिचित त्रिपाठी ने 3 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए ।इस तरह यूट्यूब फिटनेस ने यह मैच 75 के विशाल मार्जिन से जीता । दूसरा मुकाबला यूनिक क्रिकेट एकेडमी (जूनियर) और विद्या भूमि क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया । जिसमें यूनिक क्लब परासिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 153 रन बनाए । जिसमें सर्वाधिक रन मयंक द्विवेदी ने 17 गेंद में 6 चौकों की मदद से 21 रन बनाएं एवं राशिद खान ने 24 रन बनाए ।

दक्ष भलावी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी विद्या भूमि की टीम ने इस लक्ष्य को 17.4 ओवर में अपने पांच विकेट खोकर प्राप्त किया । जिसमें सर्वाधिक रन गिरीश तिवारी ने 25 गेंद में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 54 रन एवं दक्ष भलावी ने 45 रन बनाए । जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का भी पुरस्कार दिया गया । यश राज वीकेंड ने चार ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए । शुक्रवार को हुए इन मुकाबलों में शक्ति सिंह ठाकुर , मयंक सिंह परिहार एवं अहमद रिजवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ।

अंपायर बिलाल अली , राहुल यादव , यशवर्धन परमार रहे । स्कोरिंग हर्षवर्धन और अभिषेक तिवारी ने की । आज का पहला मुकाबला सौर क्लब परासिया और सर्कुलर बॉयज के मध्य खेला जाएगा । दूसरा मुकाबला आईपीएस परतला और ब्रांड रोड चौरई के मध्य खेला जाएगा ।

## अखंड हरिनाम सप्ताह श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ

**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के पावन उपलक्ष्य में आयोजित अखंड हरिनाम सप्ताह सह श्रीराम कथा का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। भक्ति श्रद्धा के संगम वाला यह धार्मिक अनुष्ठान आगामी 7 फरवरी तक निरंतर चलेगा,कार्यक्रम का श्रीगणेश मंदिर प्रांगण में त्रिमूर्ति पूजन और मंगलमय काकड़ आरती के साथ किया गया। आयोजन समिति के अनुसार, इस सप्ताह भर चलने वाले महोत्सव में प्रतिदिन सुबह और शाम काकड़ा आरती, हरिपाठ, भजन, श्रीराम कथा प्रवचन और रात्रिकालीन कीर्तन के आयोजन होंगे,कथा के प्रथम दिन 'हरि स्मरण' की महिमाशुभारंभ अवसर पर कथावाचक प्रवीण महाराज पालीवाल ने भगवान की प्रतिमा को नमन कर कथा का रसपान कराया। उन्होंने भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रोताओं को बताया कि मनुष्य जीवन में अखंड हरिनाम और सत्संग की कितनी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से मन की शुद्धि और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।सप्ताह के दौरान विभिन्न तिथियों पर प्रख्यात ह.भ.प. महाराज अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिनमें टेकेश्वरानंद महाराज तिवसकर, डॉ. सचिन महाराज काळे, सुश्री ज्योतिताई धनाडे, लक्ष्मण महाराज काळे, प्रमोद महाराज पानबुडे, प्रशांत महाराज मेहेकर, ज्ञानेश्वर महाराज वाध, अनिल महाराज एवं सूर्यकांत महाराज। ये सभी संत कीर्तन के माध्यम से भक्तों को अध्यात्म से जोड़ेंगे। आयोजन का समापन 7 फरवरी को 'दहीलाही काल्याचे कीर्तन' विशाल महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में ह.भ.प. अश्विन महाराज भकने, आकाश महाराज राऊत, विरेन्द्र महाराज गोखे, अश्विन महाराज पुसदकर और उमेश महाराज सहित समस्त धर्मप्रेमी बंधु सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## अधिकारियों ने किया रझाड़ी पिपला स्कूल का निरीक्षण

**सौंसर।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेने के लिए शनिवार को सहायक संचालक रश्मि कुसरे,विकास खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे ने शासकीय हाईस्कूल रझाड़ी पिपला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। सभी कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं, जिस पर शिक्षा अधिकारियों ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती ममता वंजारी ने अधिकारियों को स्कूल की गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही, उन्होंने नवनिर्मित हाईस्कूल भवन में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु यथाशीघ्र प्रयास करने का निवेदन अधिकारियों से किया।प्राचार्य श्रीमती वंजारी ने बताया कि विद्यालय में 27 से 31 जनवरी तक पांच दिवसीय 'करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग' का आयोजन किया गया। करियर मेले और रेमेडियल क्लास के सफल संचालन में कक्षा शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। श्रीमती अलका हिवसे, श्रीमती सरिता पराड़कर, श्रीमती सीमा लिखारे एवं श्रीमती प्रमिला गाडरे द्वारा काउंसलिंग सत्र संपन्न कराए गए।

## जल ही जीवन है: महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**सौंसर।** प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शनिवार, को शासकीय महाविद्यालय सौंसर के ईको क्लब द्वारा 'जल संरक्षण' विषय पर एक दिवसीय पोस्टर प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. एस. परते के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर ईको क्लब के प्रभारी डॉ. संजय कुमार डेहरिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण की वर्तमान आवश्यकता और पोस्टर प्रतियोगिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी तूलिका और रंगों के माध्यम से पानी की एक-एक बूंद बचाने के प्रभावी संदेश दिए। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथमः रीमा कुमरेद्वितीय मोहिनी धुर्वे,तृतीय नेहा काले रही।निर्णायक की भूमिका श्रीमती शिखा साहू, श्रीमती भारती राय ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में ईको क्लब के सदस्य एनोसेंट मिंज, श्रीमती मंजु मिंज, वंदना बागड़े ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## देवी में 'विराट हिंदू सम्मेलन' में गूंजा एकता का शंखनाद

**सौंसर।** हिंदू समाज की एकजुटता, गौरवशाली संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण के पावन उद्देश्य के साथ ग्राम देवी स्थित सती अनुसूया माता लॉन में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में आयोजित इस सम्मेलन में ग्राम देवी सहित आसपास के अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु समाज जन केसरिया ध्वज तले एकत्रित हुए।कार्यक्रम का आगाज पूर्ण विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन और भगवा ध्वज वंदन के साथ किया गया। पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान हो गया।सम्मेलन को मुख्य वक्ताओं के रूप में यशवंत पाठे, भोलाराम घाघरे श्रीमती वंदना आहाके ने संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने ओजस्वी विचारों में सनातन संस्कृति,परंपराएं ही हमारी असली पहचान हैं, जिन्हें संजोना हर हिंदू का परम कर्तव्य है।

# मधुमक्खी पालन जागरुकता कार्यक्रम व किसान प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मधुमक्खी पालन जागरुकता व प्रशिक्षण का आयोजन जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत इस्टर्न फाउंडेशन परियोजना क्षेत्र के 03 खामखेडा, बगदारी, ताडंसी में किया गया। मधुमक्खी पालन जागरुकता व किसान प्रशिक्षण में मधुमक्खी जागरूकता रथ का गांवो में गीत संगीत के साथ भ्रमण, नारेबाजी के साथ ग्राम स्तरीय जागरूकता रैली, मधुमक्खी पालन के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जा रहा है, मधुमक्खी पालन कार्यक्रम का उन्मुखीकरण और शपथ समारोह आयोजित किया गया।मधुमक्खी पालन जागरुकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आदिवासीअंचलों में मधुमक्खीयो के संरक्षण और संवर्धन के लिए किसानों को प्रेरित करना हैं। जिससे मधुमक्खियों के पारम्परिक शिकार से बचाव एवं वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करना है। मधुमक्खी पालन कार्यक्रम से किसानों को होने वाले लाभों को उस विभिन्न नवाचारी रोचक गतिविधियों के माध्यम से जागरूक की जा रही है। जिससे किसानों को कम समय व लागत में अतिरिक्त आय के साधनों को बढ़ाना हैं। अभी तक तीन गाँव के 75 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर मधुमक्खी पालन प्रारम्भ कर दिया है। मधुमक्खी जागरुकता अभियान के आयोजन में यूटीएमटी सोसायटी जुन्नारदेव की टीम से ओमप्रकाश पाठे, रेशमलाल डेहरिया, महेश यदुवंशी, करनराज भोपा, राहुल धुव्रे की मुख्य भूमिका रही।

### दातलावादी में निः शुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न

**जुन्नारदेव** : ग्राम पंचायत दातलावादी में निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजित किया गया। शिविर में शासकीय स्वास्थ्य विभाग एवं समाजिक संस्था के सहयोग से किया गया।इस शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणो कि आँखो की जाँच की गई । जाँच के दौरान कई लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई ।जिसका चयन कर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया। आपरेशन के बाद मरीजो को दवाइयाँ काला चरमा तथा आवश्यक सावधानी की जानकारी शासकीय अस्पताल के नेत्र सहायक यूके नेमा ने दिया। अपरेशन कराने वाली में ग्राम पंचायत दरातलावादी उपसरपंच रामपाल परते मौजूद रहे।

# विधायक विजय चौरे की अनूठी पहलः बेटी के विवाह से पूर्व बुजुर्गों का किया अभिनंदन सत्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

राजनीति में व्यस्तताओं के बीच सामाजिक सरोकारों और पारिवारिक संस्कारों का अनूठा संगम शुक्रवार को विधायक कार्यालय परिसर में देखने को मिला। विधायक विजय चौरे एवं चौरे परिवार द्वारा आयोजित 'सत्कार समारोह' में सौसर-मोहखेड़ क्षेत्र के सर्व समाज के वरिष्ठ जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।विवाह पूर्व आशीर्वाद लेने की नई परंपराविधायक विजय चौरे ने अपनी सुपुत्री सानीका के विवाह समारोह के पूर्व एक नई और प्रेरक पहल की शुरुआत की। उन्होंने राजनीति और दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर क्षेत्र के सभी समाज के वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर आमंत्रित किया। विधायक विजय चौरे ने सभी बुजुर्गों का आत्मीय अभिनंदन सत्कार किया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हभप चिंदबाजी सरोदे, हभप चिंताँमन महाराज गुरवे, हभप आशीष महाराज चटप सहित एल.पी. वाट, नानाजी गोहल, विजय चौधरी, भागवतराव महाजन, शंकरप्रसाद चौरसिया, एस.आर. शेंडे, विनायक मर्सकोले, युवराज चिचकार, रमजान सिद्दकी और ब्रजकिशोर चांडक जैसे वरिष्ठ जनों ने आयोजन की सराहना की। उपस्थित वक्ताओं ने चौरे परिवार को बधाई देते हुए सुपुत्री के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।आयोजन के दौरान विधायक विजय चौरे,पूर्व विधायक अजय चौरे और संजय चौरे ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक समाज बंधु का स्वागत सत्कार आभार किया। कार्यक्रम का संचालन विट्ठलराव गायकवाड़ द्वारा किया गया। इस गरिमामय अवसर पर डॉ. राजेंद्र यमदे, केशव बोढे, किशोर कॉलपांडे, अतुल जुनकर, विलास जोगी, सुनील तिवारी, प्रदीप इंगोले, संजय ठाकरे, विलास बुले सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## विद्यार्थीयो ने दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान

# पीएमश्री शास. उच्च.माध्य विद्यालय मिरगपुर में वार्षिक उत्सव का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

विकासखंड खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय मिरगपुर 29 जनवरी गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित कर संपन्न किया गया। वार्षिक उत्सव के इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थीयो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी कला की शानदार प्रस्तुती दि । गीत, नृत्य, नाटक एंव लोक कला की प्रस्तुती मंच पर विद्यार्थीयो ने देकर अपनी शानदार प्रतिभा को प्रदर्शित किया। शाला परिवार के द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थीयो को अच्छी प्रस्तुती के लिए सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान प्राचार्य एस.आर.बिसेन ने बताया की प्रतिवर्ष के अनुसार वार्षिक उत्सव का आयोजन कर विद्यार्थीयो को प्रोत्साहित किया गया साथ ही वार्षिक परीक्षा के लिए अच्छी तैयारी करने के लिए प्रेरित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के इस अवसर पर गणित विषय के अध्यापक शैलेश मेश्राम को उनके शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान वार्षिक उत्सव में प्राचार्य एस.आर.बिसेन, सासंद प्रतिनिधी अवलेश पारधी, पूर्व जिला पंचायत सभापति प्रमोद बोरकर, स्कूल समिती अध्यक्ष लखन लांजेवार ,मिरगपुर सरपंच दिपक देशमुख, गुडरूघाट सरपंच दिलीप बिसेन,संतोष मेश्राम उपसरपंच प्रतिनिधी, समाजसेवी मोलेश भैरम, जयेश देशमुख ,राज राहंगडाले , शिक्षक मनोज बोरकर ,यादेश राहगडाले, लेखापाल राज किरण रंगारी एंव शिक्षा विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## तत्कालीन एसडीएम पांडे व तत्कालीन तहसीलदार मंसूरी पर लगाया

# आदिवासियों की भूमि पर भूमाफियाओं के कब्जे को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** संपूर्ण प्रदेश में आदिवासियों की जमीनों को भूमाफियाओं द्वारा धोखाधड़ी कर कब्जाने और उन पर बड़े बड़े निर्माण कार्य करने को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला बालाघाट द्वारा एक ज्ञापन वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल को सौंपा गया है। इस दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश टेकाम, प्रदेश महासचिव किशोरी लाल भलावी, जिला अध्यक्ष नंदलाल उइके सहित पार्टी के कई पदाधिकारी व आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान आदिवासियों द्वारा तत्कालीन एसडीएम व तहसीलदार के खिलाफ नारे लगाये।

पार्टी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सदियों से जंगलों में रह कर जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने वाले आदिवासियों को टाईगर सफारी एवं सुरक्षा के नाम पर जंगलों से भगाया जा रहा है और आए दिन उनके ऊपर अत्याचार करके उनकी जमीनें छीनी जा रही है। ज्ञापन में वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा निवासी ईश्वरी टेकाम और उर्मिला टेकाम की पुश्तैनी भूमि को स्थानीय भूमाफियाओं द्वारा तत्कालीन एसडीएम राजू रंजन पांडे, तत्कालीन तहसीलदार इमरान मंसूरी व पटवारी के सहयोगग से हथियाने का आरोप लगाया गया है।

ज्ञापन अनुसार सूदखोरों द्वारा आदिवासियों को कुछ राशि उधार देकर उनकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है और ब्याज के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। ज्ञापन में मॉग की गई है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू पेसा एक्ट एवं साहूकारी अधिनियम के तहत तत्काल मामले दर्ज कर उनकी जमीन मुक्त कराई जाये और जो आदिवासी शासकीय भूमि पर 30 वर्षो से अधिक समय से रह रहे है औरकृषि कार्य कर रहे है, उन्हें वन अधिनियम, आदिवासियों का पट्टा अधिनियम 2006 के तहत पट्टा प्रदान किया जाये।

इस दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा रानी अवंतीबाई स्टेडियम के बाजू में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के महासचिव किशोरी लाल टेकाम ने तत्कालीन एसडीएम पांडे, तत्कालीन तहसीलदार मंसूरी व पटवारी पर खुलकर आरोप लगाए कि उनकी मिलीभगत से ईश्वरी टेकाम की भूमि को भूमाफियाओं को बेच दिया गया है। वहीं टेकाम परिवार के लोगों के जेल जाने के बाद उस भूमि को दूसरे लोगों द्वारा समतल करने का कार्य किया जा रहा है। जबकि उस भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अतिरिक्त कमिश्नर जबलपुर द्वारा 19 जनवरी 26 को एसडीएम वारासिवनी के 25 अप्रैल 25 को जारी आदेश को आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है और अधीनस्थ न्यायालय के मूल अभिलेख बुलाया गया है। लेकिन उसके बावजूद भी उक्त विवादित भूमि पर अन्य लोगों द्वारा समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि ग्राम वारा निवासी ईश्वरी व उर्मिला टेकाम की भूमि का मामला पिछले एक वर्ष विवादित चल रहा है। बताया जाता है कि लगभग 10 एकड़ भूमि का यह मामला है। जो वर्तमान समय में करोड़ो रुपये की है। यह भूमि वर्ष 1983 से पारिवारिक बॅटवारे में ईश्वरी टेकाम की पत्नि और बाद में उनके नाम पर दर्ज थी। लेकिन एक वर्ष पूर्व अचानक ही नये दावेदार पैदा हो गए और देखते ही देखते कुछ महीनों में तत्कालीन एसडीएम व तत्कालीन तहसीलदार द्वारा उस जमीन का बॅटवारा कर दिया गया और बॅटवारे का आदेश पारित होने के चंद दिनों के अंदर ही भूमि का नामांतरण भी हो गया और जमीन की बिक्री भी हो गई। जिससे पूरी आदेश व नामांतरण की पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई।

इस प्रक्रिया के बाद से ही भूमि का लगातार विवाद बना हुआ है। इसी बीच टेकाम परिवार की बहू की फॉसी लगाने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने ईश्वरी टेकाम व उनके पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके बाद से ही भूमि को लेकर नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। फिलहाल इस मामले में एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं व आदिवासियों को जॉच का आश्वासन दिया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापूर अंतर्गत कुष्ठ पखवाड़ा हुआ प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर अंतर्गत श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट के आदेशानुसार श्रीमान जिला कुष्ठ अधिकारी के निर्देशन में एवं श्रीमान खंड चिकित्सा अधिकारी किरनापुर के मार्गदर्शन में कुष्ठ निवारण दिवस एवं स्पर्श कुष्ठ जनजागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 प्रारंभ किया गया कुष्ठ रोग के भेदभाव को खत्म कर कुष्ठ रोगियों के आत्मसम्मान को सुनिश्चित करने एवं कुष्ठ रोग निवारण का संकल्प लिया गया दिनांक 30 जनवरी 2026 से 13फरवरी 2026 तक कुष्ठ पखवाड़ा अंतर्गत गृह भेट के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता संभावित रोगी चिन्हित कर पीएचसी सीएचसी में रेफर करेंगे जहाँ जांच की जाकर कुष्ठ पाए जाने पर एमडीटी उपचार मुफ्त प्रदान किया जाएगा उक्त पखवाड़ा अंतर्गत 07 फरवरी 2026 को पीएचसी माटे एवं रजेगांव 09फरवरी2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर एवं 10 फरवरी 2026 को पीएचसी सालेटेका में चर्म रोग निदान शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें संभावित रोगियों की जांच की जाएगी दिनांक 09 फरवरी 2026 को सीएचसी किरनापुर में पीओडी कैंप का भी आयोजन किया गया है जिसमें कुष्ठ रोगियों को विकृति से बचाव हेतु जल तेल उपचार एवं व्यायाम की पद्धति सिखाई जाएगी तथा सहायक औषधि प्रदान की जाएगी ।

## धम्म ज्ञान प्रतियोगिता सहित अन्य आयोजन होंगे सम्पन्न

# 7 फरवरी को त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संपूर्ण भारतीय बौद्धों की राष्ट्रीय मातृत्व धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के माध्यम से धम्म का कारवा निरंतर गतिमान हो रहा है इसी क्रम में संस्था की जिला शाखा बालाघाट के तत्वावधान में 7 फरवरी 2026 को बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी की जीवन संगिनी त्याग की साक्षात मूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन स्थानीय कमला नेहरू महिला मंडल,डॉ.आंबेडकर चौक बालाघाट मप्र में किया गया हैं, जिसके मुख्य अतिथि आयुनी लता ताई तायडे राज्य संघटक एवं वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षिका भुसावल महाराष्ट्र होगी,प्रमुख अतिथि संस्था के मप्र राज्य शाखा द.के अध्यक्ष,समता सैनिक दल के GOC एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र(बालाघाट)एवं अध्यक्षता अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट करेंगे,प्रमुख अतिथि हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षिका,धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,महेश सहारे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी गोवारी समाज बालाघाट,सचिन मेश्राम अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ,आर के कठाने प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य सचिव तथा केंद्रीय शिक्षक एवं विशेष अतिथि हाजी शोहेब खान संयोजक



राष्ट्रीय मुस्लिम बहुजन एकता मंच,प्रमिला चौहान जिला कोषाध्यक्ष,रमा टेकाम(प्रेम शांति)वरिष्ठ आदिवासी समाज सेवी,आयशा फातिमा समाज सेवी मुस्लिम समाज वारासिवनी,नलिनी वाहन अध्यक्ष प्रेरणा विहार, यशवंत कनौजे जिला पालक मंत्री रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट,हरिचंद्र महोबे जिलाध्यक्ष रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट,शशि एम के मडामें तहसील अध्यक्ष,धर्मशिला मेश्राम नगर अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी,शीला कुम्हलवार बौद्धिक प्रमुख बालाघाट जिला बौद्ध संघ, देवेंद्र कुमार घोड़ेश्वर सक्रिय सदस्य एवं मीडिया प्रभारी बालाघाट ,संस्था के सभी उपाध्यक्ष सभी तहसील अध्यक्ष होंगे,मंच संचालन दूरेंद्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर एवं अभिराज मेश्राम महामंत्री वारासिवनी करेंगे।इस अवसर माता रमाई,बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब जीवनी एवं धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया पर आधारित बुद्ध धम्म ज्ञान प्रतियोगिता भी सम्पन्न होगी,जिसमें सफल प्रथम,द्वितीय,तृतीय प्रतियोगियों को क्रमशः 5000/-3000/-2000/- पुरस्कार राशि,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा,उसके बाद सफल होने वाले क्रमशः दस प्रत्याशी तो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा जिसके लिये दिनांक 06/02/2026 के पूर्व पंजीयन करना अनिवार्य है,अतिथियों के द्वारा माता रमाई के जीवन संघर्ष त्याग के बारे उद्बोधन, संगीतमय कार्यक्रम के बाद सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के बाद अंतिम सत्र में भोजनदान होगा,अतः सम्पूर्ण मप्र एवं बालाघाट जिले के बौद्ध अम्बेडकरी,बहुजन समाज के अनुयायी यो को समारोह में शामिल होकर धम्म

# लांजी–आमगांव मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौत, चार घायल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** आमगांव मार्ग पर ग्राम कुलपा एवं कारंजा के मध्य स्थित गुडाखु फैक्ट्री के पास गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे दो दोपहिया वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में ग्राम मिरीया निवासी विनोद पिता नानूकदास उपराड़े (33) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद उपराड़े अपनी पत्नी बुलबुल उपराड़े (30) व साढ़े तीन वर्षीय पुत्र समर्थ के साथ मोटरसाइकिल से परसोड़ी से अपने ग्राम मिरीया लौट रहे थे। इसी दौरान आमगांव की ओर से आ रही स्कूटी से कुलपा–कारंजा के बीच उनकी जोरदार टक्कर हो गई। स्कूटी पर हलबीटोला निवासी सेवेन्द्र राऊत अपनी चाची सरिता राऊत (35) के साथ सवार थे।हादसे में विनोद उपराड़े की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बुलबुल उपराड़े, समर्थ उपराड़े, सरिता राऊत एवं सेवेन्द्र राऊत घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से डायल 112 व 108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बुलबुल उपराड़े एवं सेवेन्द्र राऊत को गोंदिया रेफर किया गया है। मामले की सूचना लांजी पुलिस को दे दी गई है, जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### सर्ववर्गीय सेन समाज की अहम बैठक संपन्न, शिक्षा और संगठन को मजबूत करने पर जोर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर मे स्थित सिद्धपीठ मठ मंदिर में सर्ववर्गीय सेन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर जिले के प्रत्येक ब्लॉक में संगठन को मजबूत किया जाएगा तथा समाजजनों को एक मंच पर संगठित किया जाएगा।

### बापू को दी श्रद्धांजलि, किया शहीदों का पुण्य स्मरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में प्राध्यापकों, शिक्षकों, छात्र छात्राओं और पूरे स्टाफ ने बापू को श्रद्धांजलि दी और भारत के वीर शहीदों का पुण्य स्मरण किया। प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग, शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश चौरासे सहित दोनों महाविद्यालयों के स्टाफ और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के शहीदों का भी पुण्य स्मरण किया।
डॉ. मानसिंह बघेल ने अपने वक्तव्य में बापू के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने की बात कही. डॉ. ज्योत्सना नावकर के साथ सभी ने बापू के प्रिय भजन ' रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन किया।

# फटे-गंदे तिरंगों पर सख्ती की मांग

## दीपक जयहिंद टीम ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान और उसकी गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से दीपक जयहिंद टीम के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर सिवनी को ज्ञापन सौंपकर जिलेभर में विशेष अभियान चलाने की मांग की है।



ज्ञापन में जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में कई स्थानों पर फटे, गंदे एवं क्षतिग्रस्त तिरंगे लगे होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।
इस अवसर पर टीम के प्रतिनिधि दीपक डेहरिया ने बताया कि भारत का ध्वज संहिता के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार क्षतिग्रस्त अथवा अपमानजनक स्थिति में पाए जाने वाले राष्ट्रीय ध्वज का प्रदर्शन राष्ट्र की गरिमा के विरुद्ध है। ऐसे तिरंगों को सम्मानपूर्वक उतारकर विधिवत दहन अथवा सम्मानजनक निस्तारण किया जाना अनिवार्य है।
ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि जिले में तत्काल प्रभाव से ऐसे सभी क्षतिग्रस्त तिरंगों को हटाने के निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही संबंधित विभागों, संस्थानों एवं स्थानीय निकायों को भारत का ध्वज संहिताके पालन हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं।
इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई।
दीपक जयहिंद टीम ने विश्वास जताया कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिससे राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान अक्षुण्ण बना रहेगा।

# नगरपालिका सिवनी की कार्रवाई पर उठे सवाल : 15 दिन में दूसरी बार हटाईं सड़क किनारे लगी दुकानें, सैकड़ों परिवारों की रोज़ी पर संकट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**



नगरपालिका परिषद सिवनी द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर की जा रही कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। बीते 15 दिनों के भीतर दूसरी बार नगर पालिका ने कचहरी चौक से लेकर एलआईसी ऑफिस तक सड़क किनारे लगी छोटी-छोटी दुकानों को अतिक्रमण बताकर हटा दिया। इस कार्रवाई से दर्जनों गरीब दुकानदारों का रोजगार छिन गया और उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों का सामान सड़क पर बिखर गया। किसी का ठेला उजड़ गया तो किसी की छोटी दुकान, जिससे वे रोज़ कमाकर परिवार चलाते थे। दुकानदारों का कहना है कि नगर पालिका बिना कोई स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था किए, बार-बार उनकी दुकानों को हटा रही है, जिससे वे मानसिक और आर्थिक दोनों रूप से टूट चुके हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पूरे शहर में अतिक्रमण फैला हुआ है, तो कार्रवाई सिर्फ चुनिंदा इलाकों में ही क्यों की जा रही है? स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का आरोप है कि बुधवारी बाजार, शुक्रवारी चौक, डूंडासिवनी चौक, छिंदवाड़ा चौक, बस स्टैंड क्षेत्र, पोस्ट ऑफिस से लेकर सोमवारी चौक भैरोगंज तक बड़े स्तर पर अतिक्रमण मौजूद है, लेकिन इन इलाकों में नगर पालिका कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती।लोगों का कहना है कि जहां बड़े व्यापारी और प्रभावशाली लोग हैं, वहां नगर पालिका आंख मूंदे रहती है, जबकि कचहरी चौक से एलआईसी ऑफिस तक छोटे और गरीब दुकानदारों को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि वे वर्षों से यहां छोटी दुकान या ठेला लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। अचानक बार-बार की जा रही कार्रवाई से न केवल उनकी आमदनी बंद हो गई है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई, घर का किराया और रोज़मर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। कई दुकानदारों ने कहा कि यदि यही हाल रहा तो उन्हें शहर छोड़ने या मजदूरी करने को मजबूर होना पड़ेगा।

### आज विशाल हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने साध्वी श्री सरस्वती जी एवं जितेन्द्र सिंह पवार होंगे सम्मिलित



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज दिनांक 1 फरवरी, रविवार को दोपहर 2 बजे से पॉलिटेक्निक मैदान, बारापत्थर बस्ती , बारापत्थर क्षेत्र में एक भव्य एवं ऐतिहासिक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिल रहा है।
कार्यक्रम में प्रख्यात कथावाचिका साध्वी श्री सरस्वती जी द्वारा संबोधित किया जाएगा, वहीं विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री एवं जाने-माने वक्ता जितेन्द्र सिंह पवार जी भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोनों वक्ताओं के ओजस्वी विचार और धर्म-संस्कृति से जुड़ा संदेश श्रद्धालुओं व हिंदू समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेगा।

### क्षेत्रीय विधायक का गाँव-गाँव में भव्य स्वागत

# आपने मुझे अपना आशीर्वाद, स्नेह व प्यार दिया-राजनीश सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने क्षेत्रीय दौरे में विभिन्न ग्रामों में पहुँच रहे हैं, गाँव के लोग उनका स्वागत बाजे-गाजे के साथ कर रहे हैं, विधायक रजनीष हरवंश सिंह ठाकुर ने विभिन्नें सम्बोधनों में कहा कि आपका स्नेह और प्यार कारण ही मैं विधायक बना हूँ यदि कांग्रेस की सरकार बनती तो मैं और अधिक क्षेत्र के बड़े बड़े विकास के लिये कार्य करता लेकिन मेरी कोषिष को रहती है कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिये हमेषा आवाज उठाता रहता हूँ। आज मैं विधायक हूँ और विधायक निधि में जो भी राषि मिलती है मेरे कोषिष रहती है कि विधानसभा क्षेत्र के ऐसे गाँवों में पहुंचकर क्षेत्र की आवष्यकताओं के अनुरूप मैं वह राषि विकास के लिये देता हूँ। मेरी कोषिष



रहती है कि गाँव के लोगों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत हो सकूँ। लोग मुझे समय-समय से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराते रहते हैं। ज्ञात होवे कि क्षेत्रीय विधायक ने झोला, भादूटोला, पीपरढौन, तेन्दूटोला, तुरगा, कुम्हड़ा, देवझर और अर्जुनझिर पहुँचे जहाँ उनका भव्य स्वागत हुआ। उनके दौरे कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष-सुभाश बघेल, जिला पंचायत सदस्य-दुलारी बाई कुमरे, महासचिव-रमाषंकर महोबिया, रवि बघेल, चन्दू बघेल, राजेष पटेल-अध्यक्ष सरपंच संघ, रामप्रकाष बघेल-मंडल अध्यक्ष, गंगा प्रसाद साहू-सेक्टर अध्यक्ष, तोपसिंह चंदेल-सेक्टर अध्यक्ष, राजू वर्मा-मंडल प्रभारी, नीलेष सोलंकी, कुंवरलाल-नायब तहसीलदार, जानकी कुमरे-पशु चिकित्सक अधिकारी, बिजली विभाग पटवारी-षिव कुमार ग्यारसिया-पीएचई विभाग के अधिकारी के साथ-साथ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भव्य रूप से धनौरा में आज मनाई जाएगी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती

**धनौरा** - संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के शुभ अवसर पर रविवार 1 फरवरी 2026 को धनौरा बस स्टैंड में रविदास जयंती का विशाल आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्री संत शिरोमणि रविदास समिति धनौरा द्वारा तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस आयोजन की शुरुआत भव्य शोभा यात्रा से की जाएगी, जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूर्ण नगर भ्रमण करेगी। शोभा यात्रा में समाज



के युवा, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठजन एवं श्रद्धालु रहेंगे इस कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि, मंत्रीगण एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी है।
श्री संत शिरोमणि रविदास समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य संत रविदास जी के समतामूलक विचारों, सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान संत रविदास जी के जीवन, दर्शन एवं सामाजिक योगदान पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे।

# उपभोक्ता संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था एवं व्यक्ति होंगे सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर 15 मार्च को उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार एक लाख ग्यारह हजार रूपये, द्वितीय इक्कावन हजार रूपये एवं तृतीय पच्चीस हजार रूपये एवं सभी को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं संभाग स्तरीय पुरस्कार योजना में प्रथम इक्कीस हजार रूपये, द्वितीय ग्यारहा हजार रूपये एवं तृतीय पांच हजार रूपये का प्रावधान है।
इसके साथ ही विद्यालयीन छात्र-छात्राओं हेतु राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम पुरस्कार छः हजार रूपये द्वितीय चार हजार रूपये एवं तृतीय दो हजार रूपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों से संबंधित विस्तृत जानकारी खाद्य/नागरिक आपूर्ति विभाग, सिवनी से प्राप्त की जा सकती है।

# सिवनी के अनुराग ठाकुर को खैरागढ़ विश्वविद्यालय में मिला गोल्ड मेडल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के ग्राम शिवपुरी (पलारी तिगड्डा) के होनहार युवा अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। एशिया के गौरवशाली इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय (**IKSV**), खैरागढ़ के 17वें दीक्षांत समारोह में अनुराग को **BFA** (बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स) सत्र 2020-21 के लिए स्वर्ण पदक (**Gold Medal**) से सम्मानित किया गया है।



ग्राम शिवपुरी निवासी भूपे सिंह ठाकुर (शिक्षक) एवं श्रीमती विमला ठाकुर (शिक्षक) के सुपुत्र अनुराग को यह प्रतिष्ठित पदक छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रमेन डेका के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। शैक्षणिक सत्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ है।
क्षेत्र में हर्ष की लहरः लोपा और बरसला क्षेत्र के एक छोटे से गांव से निकलकर कला जगत में इस मुकाम तक पहुंचने पर अनुराग ठाकुर को क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। अनुराग ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के कठिन परिश्रम और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल शिवपुरी बल्कि पूरे सिवनी जिले का नाम कला के क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है।
गौरतलब है कि इस 28 जनवरी 2026 को होने वाले दीक्षांत समारोह में कुल 232 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिनमें सत्र 2020-21 के लिए 54 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिला। इसी समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय का नाम बदलकर 'राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय' करने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की।

# शंकराचार्य स्तंभ स्थल का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुखद सत्संग अमृत वर्षा का श्रवण कर पुनः शंकराचार्य स्तंभ के प्रस्तावित स्थल का भी जायजा लिया। आज ग्राम बडझिर (मोहगांव) मे पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय संत श्री श्री असंगदेव प्रभु साहिब जी के पावन सानिध्य मे आयोजित सुखद सत्संग अमृत कथा मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शामिल होकर व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य गुरुदेव का शाल, श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा अमृत कथा मे श्रद्धालुओं के साथ पूज्य प्रभुजी के श्रीमुख से प्रवाहित ज्ञान गंगा रुपी प्रवचनों का श्रवण किया। एवं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।
इस अवसर पर बड़ी संख्या शिष्य मंडल एवं श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। धार्मिक आध्यात्मिक कार्यक्रम के पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन सीधे सिवनी नगर के छिंदवाड़ा चौक पहुंचकर अधिकारियों के साथ प्रस्तावित शंकराचार्य स्तंभ स्थल का निरीक्षण किया। तथा नगर पालिका एवं एमपीआरडीसी के अधिकारियों से डिजाइन और कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा किया।

### किशोरों के सर्वांगीण विकास हेतू चलाए जा रहे सृजन व सम्मान अभियान

# पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागी बच्चों द्वारा जिज्ञासा व प्रश्नों के सही जवाब देने पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

समग्र शिक्षा अभियान (लोक शिक्षण संचालनालय) व पुलिस मुख्यालय,मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा किशोरों के सर्वांगीण विकास हेतू चलाए जा रहे सृजन व सम्मान अभियान की गतिविधियों के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विमला नगर, भोमा में कैरियर मेला व काउंसिलिंग,गाइडेंस कार्यक्रम अंतर्गत बाल सभा में उपस्थित छात्र छात्राओं को शासकीय सेवाओं हेतु प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें संबंधित जानकारी,पाठ्यक्रम,सामान्य अध्ययन (इतिहास,राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, भूगोल, विज्ञान,करेंट अफेयर्स, खेल व विविध),सामान्य हिंदी व अग्रेंजी,सामान्य गणित व तार्किक ज्ञान अंतर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों की तैयारी विद्यालय की कक्षा छठवीं से दसवीं तक की किताबों के



माध्यम से कैसे करें व अन्य बुनियादी पुस्तकों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयीन पढ़ाई के साथ साथ आकाशवाणी, दूरदर्शन से प्रसारित कार्यक्रमों व समाचारों को नियमित सुनने,मुख्य तथ्यों की डायरी तैयार करने,दैनिक समाचार पत्रों और प्रतियोगिता परीक्षाओं संबंधित साप्ताहिक पत्र रोजगार निर्माण,रोजगार समाचार में प्रकाशित जानकारी को कैसे उपयोगी बनाएं व अन्य मासिक पत्रिकाओं, वार्षिकांक,ईयर बुक्स की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यायल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा (महाविद्यालय,विश्वविद्यालय) हेतू मिलने वाली छात्रवृत्ति,मेडिकल, इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी और मानविकी विषयों,डिप्लोमा व कोर्स की सूची समझाई गई। सेना,पैरामिलिट्री,पुलिस यूनिफार्म सर्विसेज हेतू शारीरिक व चिकित्सा मापदंड,फिजिकल टेस्ट की तैयारी की जानकारी दी गई साथ ही एक अच्छा नागरिक बनने,व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार प्रक्रिया में बेहतर परिणाम हेतू अन्य शैक्षणेत्तर गतिविधियों स्काउट गाइड,एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के महत्व को समझाया गया।साथ ही साइबर सुरक्षा,हेल्प लाइन (112,1090,1098,1930), यातायात सुरक्षा,राहवीर योजना और पुलिस विभाग की जानकारी सांझा की गई।कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या श्रीमती आर. मर्सकोले व समन्वयक श्री संजय सोनी और सभी शिक्षक शिक्षकाओं की गरिमामय उपस्थिति रही।
ग्रामीण अंचलों के विद्यालय में इस तरह जानकारी व कार्यक्रम और संवाद किशोरों को सही निर्णय लेने और सफल नागरिक बनने में मदद करने वाले साबित हो रहे हैं। प्रतिभागी बच्चों द्वारा जिज्ञासा व प्रश्नों के सही जवाब देने पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया गया।

# सिवनी में यूजीसी विनियम 2026 के विरोध में जोरदार प्रदर्शन सकल सवर्ण समाज ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित "उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियम 2026" के विरोध में शनिवार को सिवनी में सकल सवर्ण समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया।
सामान्य वर्ग के सैकड़ों लोग कचहरी चौक पर एकत्रित हुए, जमकर नारेबाजी की और रैली निकालकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।
प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यूजीसी द्वारा लाए गए यह विनियम सवर्ण विरोधी, भेदभावपूर्ण एवं प्रतिभा विरोधी हैं। 'समता' और 'समानता' के नाम पर सामान्य वर्ग के छात्रों एवं शिक्षकों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।
ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यूजीसी विनियम 2026 के कई प्रावधान सामान्य वर्ग (जनरल कैटेगरी) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (**EWS**) के हितों पर सीधा प्रहार करते हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों की स्वायत्तता को कमजोर करने, भेदभावपूर्ण दंड प्रक्रिया लागू करने तथा सामान्य वर्ग के विरुद्ध झूठी शिकायतों पर कोई दंडात्मक प्रावधान नहीं होने को लेकर भी गहरी आपत्ति जताई गई।
प्रमुख आपत्तियां 'समता' की जाति आधारित और त्रुटिपूर्ण व्याख्या सामान्य वर्ग व **EWS** वर्ग के हितों की अनदेखी संस्थानों की स्वायत्तता का हनन सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभावपूर्ण दंड प्रक्रिया झूठी शिकायत करने वालों पर कार्रवाई का अभाव प्रमुख मांगें सकल सवर्ण समाज ने मांग की कि यूजीसी विनियम 2026 पर तत्काल रोक लगाई जाए।

### केंद्रीय विद्यालय सिवनी में छात्रों से अमानवीय व्यवहार का आरोप

# अभाविप ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग, आंदोलन की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

केंद्रीय विद्यालय सिवनी में कक्षा 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा के बाद छात्रों के साथ कथित रूप से किए गए अमानवीय एवं अपमानजनक व्यवहार को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। परिषद ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

अभाविप के अनुसार दिनांक 29 जनवरी 2026 को प्री-बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा परंपरागत रूप से एक-दूसरे को शुभकामनाएं देने और स्मृति स्वरूप स्लोगन लिखने की सामान्य गतिविधि को विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुशासनहीनता मान लिया गया। आरोप है कि इसके बाद छात्रों के साथ ऐसा व्यवहार किया गया, जो उनकी गरिमा और मानसिक सम्मान के विपरीत है।
विद्यार्थी परिषद का कहना है कि विद्यालय प्रशासन की यह



कार्रवाई न केवल छात्र अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि इससे शैक्षणिक संस्थान का सकारात्मक वातावरण भी प्रभावित हुआ है। अभाविप ने स्पष्ट किया कि छात्रों के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मामले को लेकर अभाविप, जिला सिवनी ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु विद्यालय प्रशासन को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। अभाविप ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो छात्र हितों की रक्षा के लिए परिषद को लोकतांत्रिक एवं उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26: वार्ड 22 का किया गया निरीक्षण

# नालियों की सफाई और तालाब सौंदर्यीकरण पर दिए गए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिका सिवनी द्वारा वार्ड क्रमांक 22 का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती डॉली अमित डागोर के साथ सहायक यंत्री देवेश्वरी धुर्वे, सब इंजीनियर वंदना, सब इंजीनियर विकास मेहरा, एसआई राज पवमे, अभय बघेल, तुलसी करोसिया, सहयोगी संस्था से संकेत साहू तथा वार्ड जमादार योगेश लाहोरिया उपस्थित रहे।
निरीक्षण के दौरान वार्ड की संपूर्ण सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इस दौरान नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता सामने आई, जिस पर सहायक यंत्री द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। स्थानीय



नागरिकों से स्वच्छता को लेकर फीडबैक भी लिया गया, जो संतोषजनक एवं सकारात्मक पाया गया। कुल मिलाकर वार्ड की साफ-सफाई का स्तर अच्छा पाया गया।
निरीक्षण दल ने वार्ड में स्थित पार्क का भी भ्रमण किया और उसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही बुधवारी तालाब क्षेत्र का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधारों पर चर्चा की गई।
निरीक्षण के उपरांत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें वार्ड के नालों को प्रोफाइल शीट से कवर करना, बुधवारी तालाब में पूजन सामग्री विसर्जन हेतु पृथक स्थान का निर्माण, तालाब को कवर करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही तथा साकार सिटी के पास स्थित जीवीपी क्षेत्र की तत्काल सफाई के निर्देश शामिल हैं।
नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा वार्डों में नियमित निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

# जनगणना मुद्दे पर सरकार पर बिफरे ओबीसी, एससी, एसटी मोर्चा के पदाधिकारी!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में राष्ट्रीय ओबीसी, एससी-एसटी क्रांति मोर्चा ने जनगणना में ओबीसी जाति जनगणना कॉलम शामिल न करने और यूजीसी नियमों पर रोक लगाने के खिलाफ केंद्र सरकार पर हमला बोला है। शनिवार को एक प्रेसवार्ता में मोर्चा प्रतिनिधियों ने इन दोनों मुद्दों पर सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

मोर्चा प्रतिनिधि महेश सहारे ने बताया कि बिहार चुनाव से पहले सरकार ने जनगणना में ओबीसी जाति आधारित जनगणना कराने का आश्वासन दिया था। इससे ओबीसी समुदाय में खुशी थी, लेकिन अब जारी जनगणना के कॉलम बिंदुओं में ओबीसी जातिगत जनगणना का कॉलम नहीं होने से नाराजगी है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जनगणना के 33 कॉलम बिंदुओं में ओबीसी जातिगत जनगणना का कॉलम ही नहीं है। सहारे ने आरोप लगाया कि भाजपा ओबीसी का वोट तो लेना चाहती है, लेकिन जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती, जबकि देश में 52 प्रतिशत ओबीसी आबादी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ओबीसी की जातिगत जनगणना कॉलम को नहीं जोड़ा गया, तो क्रांति मोर्चा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा।

ओबीसी प्रतिनिधि शिव जायसवाल ने यूजीसी कानून पर लगी रोक को हटाने और इसे लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून ओबीसी, एससी, एसटी के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के पक्ष में था और इससे सवर्ण समाज के हितों को कोई नुकसान नहीं हो रहा था।

जायसवाल ने कहा कि बेवजह इसके खिलाफ प्रदर्शन किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोर्चा यूजीसी नियमों के साथ है और यदि सरकार इस रोक को हटाने तथा नियमों को लागू कराने में कोई कदम नहीं उठाती है, तो वे आंदोलन करेंगे।

प्रतिनिधि उम्मेद लिल्हारे ने भी दोहराया कि यूजीसी नियम हमेशा से ओबीसी, एससी, एसटी के साथ हो रहे भेदभाव को मिटाने के लिए एक महत्वपूर्ण कानून था। उन्होंने बताया कि जो जाति आधारित कानून का विरोध कर रहे है, वह वर्षो से जाति-पाति का भेदभाव करते आए है। हम चाहते है कि सरकार, यूजीसी नियमों को लागु करवाने में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करे।

### विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिया उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शन

# सांदीपनी विद्यालय लेंडेझरी में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। सांदीपनी विद्यालय लेंडेझरी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 27 से 31 जनवरी 2026 तक करियर मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देकर उनके भविष्य को सही दिशा प्रदान करना रहा। करियर मेले में जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार पटले, विद्यालय के प्राचार्य अवध नारायण त्रिपाठी, सेवा निवृत्त प्राचार्य श्री आर के लाले, श्री बैस, सहायक संचालक सी एस मरावी, मोहित डेहरिया, गुलाब टेंभरे, नरसिंहपुर के सहायक संचालक सिद्धांत बांगरे सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल कुमार पटले ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लगन, निरंतर मेहनत और अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, समर्पण एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान बढ़ाने, सकारात्मक सोच रखने तथा कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। श्री पटले ने कहा कि आत्मविश्वास और सही दिशा में किया गया परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

विद्यालय के प्राचार्य श्री अवध नारायण त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आज के समय में इंजीनियरिंग और मेडिकल के अलावा भी अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें विद्यार्थी अपना उज्ज्वल करियर बना सकते हैं। उन्होंने सिविल सर्विस परीक्षा, नीट, जेईई, क्लैट जैसी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी तथा आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश की प्रक्रिया और संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने करियर से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल और प्रेरक ढंग से समाधान किया गया। करियर मेले से विद्यार्थियों में अपने लक्ष्य को लेकर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। करियर मेला विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्पद साबित हुआ, जिससे उन्हें अपने भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

# सिकंद्रा एवं गोंगलई में पुलिस एवं खनिज विभाग की छापामार कार्यवाही



## रेत का अवैध खनन करने पर 06 ट्रेक्टर ट्राली जब्त किये गए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में खनिज रेत का अवैध खनन एवं परिवहन रोकने के लिए पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में 29 एवं 30 जनवरी को खनिज विभाग के अमले ने पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही कर गोंगलई एवं सिकंद्रा में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते 06 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है।

उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि 29 जनवरी को खनिज अमले द्वारा आकस्मिक भ्रमण के दौरान वारासिवनी तहसील के ग्राम सिकंद्रा में चंदन नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुए पाये जाने पर 03 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। इसी प्रकार 30 जनवरी को बालाघाट तहसील के गोंगलई में वैनगंगा नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर 03 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया है। रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में इन ट्रेक्टर मालिकों के विरूद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# 'मतदान है अधिकार हमारा" के नारे से गूंजा चांगोंटोला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। लामता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम चांगोंटोला में सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस 31 जनवरी 2026 को प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने "मतदान है अधिकार हमारा" जैसे नारों के माध्यम से लोकतंत्र में मतदान के महत्व का संदेश दिया।



प्रभात फेरी के उपरांत ग्राम चांगोंटोला के चौक में साफ-सफाई कर स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। इसके बाद मतदान जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे पूरे ग्राम में भ्रमण कराया गया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम से प्लास्टिक व पॉलीथिन एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश देते हुए सरपंच महोदय एवं ग्राम पंचायत चांगोंटोला को सौंपा। इसी क्रम में चौक में राष्ट्रीय सेवा योजना लामता इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें मतदान का महत्व एवं सही मतदाता चयन की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।

दोपहर के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार लामता श्री दशवंत सिंह मेरावी, सरपंच ग्राम चांगोंटोला श्री प्रमोद कुमार ठाकरे तथा जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री विनोद बोथरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय परिवार से डॉ. अनिल कुमार चौरे (अर्थशास्त्र विभाग) एवं डॉ. कृष्ण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेवक अमित धामड़े ने की।

मुख्य अतिथि तहसीलदार श्री मेरावी द्वारा एसआईआर (SIR) से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए मतदान के अधिकार एवं उसकी अनिवार्यता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेंभरे के मार्गदर्शन में शिविर नायक हरेंद्र, शिविर प्रभारी निरंजन राहंगडाले एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

# बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बैहर, बिरसा व परसवाड़ा में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। माह फरवरी 2026 में प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाओं एवं विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा अवधि के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए तहसील बैहर, बिरसा एवं परसवाड़ा क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना बैहर के परियोजना प्रशासक श्री अर्पित गुप्ता (आईएएस) द्वारा इस संबंध में संभागीय अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैहर को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कुछ ग्रामों में पिछले दो दिनों से ट्रांसफार्मर खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

परियोजना प्रशासक ने निर्देशित किया है कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनावश्यक विद्युत कटौती न की जाए। यदि किसी तकनीकी कारण, लाइन फॉल्ट अथवा ट्रांसफार्मर खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्युत संबंधी शिकायतों के समाधान हेतु समुचित पूर्व तैयारी एवं त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए सहायक अभियंता (एई), म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. बैहर के मोबाइल नंबर 9425806306 तथा उपकेंद्र बैहर के संपर्क नंबर 9425808074 को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल समाधान किया जा सके।

प्रशासन द्वारा यह कदम विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारियों को सुचारु बनाए रखने एवं उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## आज हट्टा मे विराट हिन्दू सम्मेलन

हट्टा। हिन्दू समाज की बंधुता , परस्पर प्रेम सहयोग तथा स्वाभिमान का हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आज दिनाक 1/02/2026 दिन रविवार को ग्राम हट्टा मे किया जा रहा है । जिसमे सनातन संस्कृति सामाजिक एकता और राष्ट्रबोध को सशक्त करने हेतु सभी धर्म प्रेमी, मातृ शक्ति , युवा व वरिष्टजनों से विनम्र आमंत्रण है । इस कार्यक्रम मे आज दिनाक 01/02/2026 दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक तत्पश्चात भोजन व्यवस्था दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक स्थानीय गुजरी चौक हट्टा मे किया जाना है । हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति ,मंडल हट्टा के द्वारा समस्त सनातनी हिन्दू भाइयों बहनों से निवेदन किया गया है की अधिक से अधिक संख्या मे इस हिन्दू एकता के महाकुंभ मे उपस्थिति दर्ज कर सनातन एकता एवं हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाये ।

## कक्षा 8 वीं में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

वारासिवनी। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समाजसेवियों द्वारा उन्हें सम्मानित किए जाने का क्रम लगातार जारी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम भानपुर निवासी ठाकुर महेन्द्र सिंह नेवरे ने ग्राम मोहाड़ी, नवेगॉव 3, भानपुर व बिटोड़ी के शासकीय माध्यमिक शाला में कक्षा 8 वीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। विदित हो कि शासकीय माध्यमिक शाला मोहाड़ी की कक्षा 8 वीं की छात्रा अंकिता सुरेश बंसोड़ ने 91.8 प्रतिशत, नवेगॉव 3 में अंकुश अजीत खोब्रागड़े ने 85.16 प्रतिशत व बिटोड़ी की अनंता जगदीश बहेटवार ने 91.16 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया था।

# 123 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा एफओबी कोदापार में खेती उपयोगी सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज उकवा।



रूपझर थाना अन्तर्गत नवनिर्मित कैम्प कोदापार में सी/123 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2026 को सिविक एक्सन प्रोग्राम 2025-26 का आयोजन किया गया। यह कार्यकम श्री० हजारी लाल कमांडेण्ट 123 बटालियन के०रि०पु०बल के मार्गदर्शन एवं उपस्थिती में आयोजित किया गया। इस आयोजन में श्री मनोज कुमार (एड्ज्यूटेंन्ट) 123 बटा, निरीक्षक / जीडी रामसेवक मरावी समवाय अधिकारी सी/123बटा, समाजसेवी जेम्स बारिक पत्रकार संजना बर्वे अशोक राउत,अमन गौतम एवं कोदापार, चारघाट, बैगाटोला, सोनगुड्डा, ग्राम के सरपंच कमलसिंग धुर्वे, ग्राम कोदापार के मुखिया बाबुलाल एवं सी/123 बटा के जवान सम्मिलित हुए। कार्यकम के दौरान 123 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा जरूरतमंद स्थानीय लोग, मेहनत कस मजदूरों और किसानों को गैंती, फावड़ा, एन०पी०के खाद, स्टील बकेट, इत्यादि जरुरतमंद सामान का प्रदान किया गया। इस कार्यकम में श्री० हजारी लाल कमांडेण्ट 123 बटालियन के० रि०पु०बल के द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि समाज में शांति एवं सद्भावना स्थापित करने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से की गयी यह एक पहल है। इस क्षेत्र को नक्सल समस्या को समाप्त करने में आप सभी का सहयोग रहा है। महोदय ने बताया की आप सभी किसान भाईयों का कार्य और योगदान अनमोल है। आपके इस कार्य मे आपकी सहायता हो इसलिये यह खेती उपयोगी उपकरण आपको दिये जा रहे है। इसके उपरान्त महोदय ने बताया की आप अपने बच्चो को स्कुल मे भेजकर उन्हे अच्छा पढाना है जिससे की वह अपना और अपने परिवार का एवं अपने गांव का नाम रोशन करें और अपना भविष्य अच्छा बनाये एवं देश का अच्छा नागरीक बन सकें। इसके अलावा आगे भी इस तरह के कार्यकम किये जाऐंगे। इसके उपरान्त उपस्थित सभी ग्रामिणोको अल्पाहार एवं चायपानी का वितरण किया गया। सोनगुड्डा, ग्राम के सरपंच कमलसिंग धुर्वे ने ग्रामिणों को दिये गये खेती उपयोगी सामग्री के लिये आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के आयोजन मे सी/123 एवं के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान बडी संख्या उपस्थित रहकर कार्यकम सुचारू रूप से सफल बनाया।

# सकल स्वर्ण समाज ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



यूजीसी द्वारा प्रस्तावित 2026 के नए प्रावधानों को लेकर देशभर में उठ रहे विरोध के बीच कटंगी में सकल स्वर्ण समाज ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपकर कानून को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में समाज ने आरोप लगाया कि यूजीसी से जुड़े हुए नए प्रावधान सामान्य वर्ग के प्रति असमानता की अनुभूति कराते हैं और वे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 में निहित समानता और अवसर की समानता के सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। ज्ञापन में सामान्य वर्ग के प्रति भेदभावकारी यूजीसी प्रावधानों/कानूनों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। आरक्षण की व्यापक, समयबद्ध और निष्पक्ष समीक्षा कर इसे जाति के बजाय आर्थिक आधार पर पुनर्संरचित किया जाए, ताकि किसी भी जाति का वास्तविक रूप से गरीब नागरिक पीछे न रहे। एससी/एसटी अधिनियम के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक के लिए कड़े प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय लागू किए जाएँ, ताकि निर्दोषों को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाया जा सके। शिक्षा और रोजगार में समान नियम, समान अवसर और योग्यता-आधारित प्रतिस्पर्धा को प्राथमिकता दी जाए, जिससे राष्ट्र की प्रतिभा सशक्त हो और भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर हो की मांग रखी गई है। इस दौरान कैलाश शर्मा, नीरज पालीवाल, दिनेश मिश्रा महेंद्र दुबे, विनीत मोर,शंभू त्रिवेदी, संदीप शर्मा राकेश शर्मा आकाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, देवीप्रसाद तिवारी, सतीश सिंह, आशीष पांडे, मयूर गोयल, पीयूष दीक्षित, अमन अग्रवाल, अनिल गुप्ता, नरेश कटारिया, ज्ञानचंद कोचर, हीरालाल मोर, हिमांशु मोर, गोविंद शुक्ला,अमन शर्मा, राजा शर्मा,के अलावा सकल स्वर्ण समाज के अन्य लोग मौजूद थे।

# जमुनिया में हुआ वार्षिक उत्सव : 30 वर्षों तक पंचायतों की जिम्मेदारी संभालने वाले सभी पूर्व सरपंचों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत जमुनिया में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जहां गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं 1994-95 से लेकर वर्ष 2021-22 तक पंचायत में सरपंच के तौर पर सेवाएं देने वाले पूर्व सरपंचों को भी सम्मानित किया गया। यह एक अनोखी पहल है जिसमें गांव के पूर्व सरपंचों को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत जमुनिया और गांव की शासकीय शालाओं के सहयोग से यह आयोजन हुआ। सम्मेलन में पूर्व सरपंच संत कुमार नवरेती, पवन सिंह इनवाती, भागवंती जमरे, प्रेमलता पटले और पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती रंजीता पिलगर को सम्मानित किया गया। इन जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। शाम को सरपंच उमेश पटले की अध्यक्षता और उपसरपंच हीरा सिंह इनवाती की उपाध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें गांव के बाल कलाकारों ने देश भक्ति, स्थानीय लोक संस्कृति और फिल्मी गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

वार्षिक उत्सव में शासकीय माध्यमिक शाला कछार से प्रमोद ठाकुर, डेविड कटरे, वर्षा पटले, श्रद्धा सुर्यवंशी, दिलीप कुमार तांडे, ढिमरूरीठ से दीपेंद्र देशमुख, तिलक सिंह कुमरे, दीप्ति बिसेन, जमुनिया से सुरेश ठाकुर, मीरा देशमुख, बनेरा से रमाकांत पटले शामिल हुए। पंचायत के पंच विनोद पंचेश्वर, आशा परते, सुरज लाल उइके, मीरा कोवाचे, सरिता पिलगर, पियुष टेम्भरे, खेलन ठाकरे, किरण मड़ावी, राम प्रसाद टेकाम, विनोद पंचेश्वर, सरदार सिंह इनवाती का विशेष सहयोग लिया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरमुंडी में पुस्तकालय का शुभारंभ

## एसडीएम अर्पित गुप्ता ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विकासखंड परसवाड़ा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरमुंडी में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में नवीन पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। पुस्तकालय का उद्घाटन श्री अर्पित गुप्ता (आईएएस), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं परियोजना प्रशासक, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना बैहर द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री दलसिंह पन्द्रे, संस्था प्राचार्य श्रीमती कामिनी कोकोटे, विद्यालय स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस पहल को विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उद्घाटन अवसर पर श्री अर्पित गुप्ता (आईएएस) द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 19 प्रकार की कुल 22 महत्वपूर्ण पुस्तकों का दान किया गया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर अन्य परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस अवसर पर श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग कर वे अपने ज्ञान का विस्तार करें और अपने भविष्य को बेहतर दिशा दें। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह पुस्तकालय विद्यार्थियों के लिए अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा तथा उन्हें उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान करेगा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया